बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक (इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, वि०सं० 36/2020) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन की कंडिका 9 (i) एवं (ii) के आलोक में आयोग द्वारा निर्धारित तिथि में ऑनलाईन समर्पित आवेदनों की हार्ड कॉपी उम्मीदवारों द्वारा आयोग कार्यालय में भेजा जाना था। तदालोक में उपरोक्त पद से सम्बन्धित विज्ञापन के अंतर्गत कतिपय आवेदकों के आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त हैं। ऐसे आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अगर उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी प्रेषित किया हो तो इस सम्बन्ध में साक्ष्य (पूर्व में भेजे गये आवेदन की हार्ड कॉपी सम्बन्धी निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट की छायाप्रति एवं ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी सहित) संलग्न करते हुए निर्धारित प्रारूप को भरकर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना को दिनांक 13.08.2021 तक निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। आवेदक आश्वस्त हो लें कि निर्धारित प्रारूप के साथ संलग्न साक्ष्य की छायाप्रति स्पष्ट एवं पठनीय हो। साक्ष्य के आधार पर जाँचोपरान्त सही पाए जाने की स्थिति में उनके द्वारा पूर्व से प्रेषित हार्ड कॉपी (प्राप्त होने की स्थिति में) के आधार पर विज्ञापन में निहित शर्तों के आलोक में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

सहायक प्राध्यापक, (Assistant Professor) इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, वि०सं० 36/2020 से सम्बन्धित विज्ञापन के ऐसे आवेदकों, जिनका हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है, की सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

निर्धारित तिथि तक विहित प्रारूप में वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में बाद में किसी प्रकार का अनुरोध/दावा स्वीकार नहीं होगा।

29.7.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना